हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 29 जून 2025



## फैक्ट्री के मैनेजर ने स्वीकारा: जलाशय से पानी लेने बिना अनुमति बिछाई पाइप लाइन, नेताओं को बांटी मोटी रकम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

फुलझर में स्थापित न्यू लुक बायो फ्यूल फैक्ट्री द्वारा इंदावानी और कोपेडीह जलाशय से पानी लेने बिछाई गई पाईप लाइन के मामले में एक आडियो के वायरल होते ही करीब आधा दर्जन गांव में सियासी बवाल मच गया है। इस आडियो में एक भाजपा नेत्री को फैक्ट्री मैनेजर यह बता रहे हैं कि पाईप लाइन बिछाने के लिए उन्होंने कुछ ग्रामीण नेताओं को मोटी रकम दी है। यही नहीं मैनेजर ने यह भी स्वीकार किया है कि कंपनी के पास विभागों की कोई अनुमति भी नहीं है। इस पूरे मामले के पर्दाफाश होने के बाद क्षेत्र के किसानों में आक्रोश की स्थिति निर्मित हो गई है।

उल्लेखनीय है कि फुलझर में स्थापित न्यू लुक बायो फ्यूल फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा इंदावानी और कोपेडीह जलाशय से पानी लेने के लिए पाईप लाइन बिछाई गई है। करीब आधा दर्जन गांव के ग्रामीण पिछले दो माह से इसका विरोध कर रहे हैं, लेकिन आज पर्यन्त तक प्रशासन ने फैक्ट्री प्रबंधन पर कोई कार्रवाई नहीं की है। इस बीच फैक्ट्री के मैनेजर प्रदीप मिश्रा और भाजपा नेत्री कनक दुबे के बीच बातचीत का एक आडियो सोशल मीडिया में वायरल होते ही सियासी बवाल मच गया है। इस आडियो में फैक्ट्री के मैनेजर द्वारा कांग्रेस और भाजपा के ग्रामीण नेताओं का नाम ले रहे हैं, जिन्हें पाईप लाइन बिछाने के एवज में मोटी रकम दी गई है।

### हफ्तेभर के अल्टीमेटम के बाद भी नहीं हटी पाईप लाइन



#### जांच के लिए ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

मैनेजर प्रदीप मिश्रा यह भी कह रहे हैं कि उनके पास किसी विभाग की कोई अनुमति नहीं है, फिर भी वे पाईप लाइन बिछा रहे हैं। इस मामले के सामने आने के बाद अब किसानों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर जांच की मांग की है। किसानों का साफ तौर पर कहना है कि आडियो की जांच में जिन नेताओं का नाम सामने आ रहा है, उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। इधर टेडेसरा के सरपंच खिलेश्वर साहू का कहना है कि पाईप लाइन का वे विरोध कर रहे हैं। यही कारण है कि उन्हें बदनाम करने के लिए फैक्ट्री प्रबंधन ने यह साजिश रची है।

**नहीं हटाया पाईप लाइन** : ग्रामीणों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर एक हफ्ते की मोहलत दी थी। ग्रामीण नेताओं ने यह भी कहा था कि यदि पाईप लाइन नहीं हटी तो उग्र आंदोलन होगा। एक हफ्ते से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी सिंचाई विभाग ने पाईप लाइन को जब्त नहीं किया है। जिससे आक्रोश और अधिक बढ़ता जा रहा है।

#### पंच-सरपंचों को भेजा बाहर

आडियो में फैक्ट्री के मैनेजर प्रदीप मिश्रा यह भी कह रहे हैं कि प्रबंधन ने ग्रामसभा के पहले क्षेत्र के सरपंच और पंचों को बाहर घूमने के लिए भेज दिया था, ताकि बैठक में कोई ग्रामीण विरोध न कर पाए। इस बीच फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा पूरी दमदारी के साथ वहां पाईप लाइन बिछाई गई है।

## बारिश में नहीं बन पाएगी वार्डों की जर्जर सीसी सड़कें

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लगभग 10 करोड़ की लागत से शहर की मुख्य 42 सड़कों का निर्माण कार्य शुरू किया गया है, लेकिन शहर के वार्डों की भीतरी जर्जर सीसी रोड का निर्माण कार्य शुरू भी नहीं किया गया है। शहर के कई वार्ड ऐसे भी हैं, जहां पिछले लगभग 10 साल से सड़क का पुनर्निर्माण नहीं किया गया है। जिसकी वजह से सड़कें काफी जर्जर हो गई है। जिससे वार्ड के लोगों को आवागमन में काफी दिक्कत हो रही है। कुछ वार्ड के लोगों द्वारा खस्ताहाल सीसी रोड के निर्माण को लेकर आवेदन करने के बाद भी जीर्णोद्वार नहीं किया गया। अब लोगों ने सुशासन तिहार में भी आवेदन किया है, लेकिन अब बारिश के चलते सड़क निर्माण कार्य नहीं हो पाएगा और बारिश में लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।



**बारिश में भरेगा पानी** : शहर के कुछ वार्डों में सीसी रोड जर्जर होने के बाद भी उसका निर्माण नहीं कराए जाने के चलते सड़क पर गड्ढे हो गए हैं। बारिश का पानी इन गड्ढों में भरने की वजह से आवागम में तकलीफ होने के साथ ही गड्ढे की वजह से लोग गिरकर घायल भी होते हैं।

#### नहीं हुई मरम्मत

सीसी रोड का दशकभर से निर्माण नहीं होने के चलते अब सड़क की गिट्टी उखड़ने लगी है। शहर के वार्ड नं. 7 रामनगर में भी लगभग साढ़े 9 वर्ष से हनुमान मंदिर गली से मदरसा रोड का निर्माण नहीं किया गया है। वहीं कुछ वर्ष पूर्व सड़क का एक किनारा नल पाईप लाइन बिछाने खोदा गया था। जिसकी कभी मरम्मत ही नहीं की गई।

### अंचल में पौने दो लाख हेक्टेयर में हो रही खेती

## कोटे से 70% कम बारिश से अटकी खेती, खाद संकट भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खेती पर निर्भर रहने वाले किसान दोहरी मार से परेशान हैं। एक तरफ जहां खेती के लिए पर्याप्त खाद उन्हें नहीं मिल पा रही है। वहीं दूसरी ओर जून महीना समाप्त होने को है और अब तक अंचल में पर्याप्त बारिश नहीं हो पाई है। जिसके चलते जिले में बोनी के साथ ही खेती की प्रगति अटक गई है। आंकड़ों के मुताबिक जिले में अब तक लगभग 70 फीसदी कम बारिश देखने को मिली है। हालांकि आने वाले अगले चार दिनों में बेहतर बारिश की संभावना जताई गई है।

अविभाजित राजनांदगांव जिले में कम बारिश के कारण किसानों को बोनी करने में परेशानी हो रही है। जिससे उनकी फसलें प्रभावित हो रही है। किसानों को डर है कि आने वाले दिनों में अगर बारिश नहीं हुई तो वे समय पर बुआई नहीं कर पाएंगे। जिससे उनकी उपज कम हो सकती है। सामान्य तौर पर 30 जून तक खरीफ फसलों की बुआई का समय उपयुक्त माना जाता है। यदि इस समय तक पर्याप्त बारिश नहीं होती है, तो बोनी में देरी हो सकती है। जिससे उत्पादन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। रोपाई के लिए पर्याप्त पानी की आवश्यकता होती है और यदि जुलाई के पहले सप्ताह तक पर्याप्त बारिश नहीं होती है तो इसका कृषि उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।



#### अब तक 35 मिमी बारिश

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव अंचल में अब तक जून महीने में महज 30 मिलीमीटर ही बारिश दर्ज की गई है। जबकि औसतन रूप से इस अवधि के दरमियान अंचल में 131 मिमी बारिश होनी चाहिए। ऐसे में बारिश का आंकड़ा सामान्य से लगभग 70 फीसदी पीछे चल रहा है। अल्पवर्षा के कारण ही किसानों के माथे पर भी चिंता देखने को मिल रही है। जबकि मौसम विभाग ने मानसून आने से पहले यह संभावना जताई है कि इस बार भी मानसून सामान्य से बेहतर रहेगा।

#### तय समय से पहले की तैयारी

इस बार मानसून ने प्रदेश में अपने तय समय से काफी पहले दस्तक दे दी थी। यही कारण था कि अंचल में भी किसान उम्मीद कर रहे थे कि समय से पहले ही अच्छी बारिश होगी। उन लोगों ने अपने खेत तैयार कर लिए थे, परन्तु अब तक बारिश पर्याप्त देखने को नहीं मिली है। यदि जुलाई के पहले सप्ताह तक पर्याप्त बारिश होती है तो कृषि पर ज्यादा विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा, लेकिन उसके बाद खेती में असर देखने को मिल सकता है।

#### डीएपी की सर्वाधिक मांग

खेती की तैयारी में जुटे किसान खाद का स्टॉक जमा करने में भी जुटे हुए हैं। हालांकि डीएपी खाद की कमी का असर पहले ही बोनी पर देखने को मिल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार सरकारी केंद्रों पर स्टॉक लगभग हो गया है और निजी विक्रेताओं के पास खाद महंगे दामों पर मिल रही है। आंकड़ो पर नजर डाले तो 21 हजार मीट्रिक टन डीएपी की मांग है, लेकिन इसके मुकाबले आधी आपूर्ति भी नहीं हो पाई है।

### निजी स्कूलों में नहीं मिल रहा दाखिला

## प्राइमरी और मिडिल शिक्षा के बाद भटक रहे आरटीई के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों को निजी स्कूलों में कक्षा 12वीं तक मुफ्त शिक्षा दी जानी है, लेकिन जिस स्कूल में प्राइमरी के बाद मिडिल की कक्षाएं नहीं है और जिस स्कूल में मिडिल के बाद हाई एजुकेशन की व्यवस्था नहीं है, वहां के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए भटकना पड़ रहा है। आरटीई के तहत प्राइमरी स्कूल में दाखिला लेने के बाद कक्षा पांचवीं पास विद्यार्थियों को कक्षा छठवीं में दूसरे निजी स्कूलों में प्रवेश नहीं मिल पा रहा है। यही हाल कक्षा आठवीं पास होने वाले विद्यार्थियों का भी है, उन्हें भी कक्षा 9वीं में किसी दूसरे निजी स्कूलों में दाखिला नहीं मिल पा रहा है।

#### नहीं देते हैं प्रवेश

शहर में कुछ ऐसे स्कूल भी संचालित हैं। जिनके पास प्राइमरी, मिडिल और हाईस्कूल की अलग-अलग बिल्डिंग है, लेकिन ऐसे स्कूल भी प्राइमरी में अध्यनरत आरटीई के विद्यार्थी को अपने दूसरे स्कूल में मिडिल की कक्षा में दाखिला नहीं देते हैं और बच्चों को टीसी थमा दी जाती है।

#### नहीं मिल रही 12वीं तक की शिक्षा

आरटीई के तहत अध्यनरत शहर में कई ऐसे बच्चे हैं, जो पांचवी और आठवीं पास हो चुके हैं। अब कक्षा छठवीं और 9वीं में दाखिले के लिए उनके परिजन शिक्षा विभाग के चक्कर काट रहे हैं। शिक्षा विभाग से उनके बच्चों को शासकीय स्कूल में प्रवेश देने की बात कही जा रही है। ऐसे में इन बच्चों को आरटीई के तहत निजी स्कूलों में कक्षा 12वीं तक अध्ययनरत होने का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

#### ऐसे स्कूलों को चुनना मजबूरी

आरटीई के तहत आवेदन करने पर पोर्टल में 1 किलोमीटर के भीतर के स्कूल दिखाए जाते हैं। पालकों की मजबूरी आसपास के स्कूल को चुनने की ही होती है। पालक मजबूरी में प्राइमरी या मिडिल स्कूल को ही चुन पाते हैं और ऐसे स्कूलों में अध्ययन करने के बाद वे आगे मिडिल और हाईस्कूल में दाखिले के लिए भटकते हैं।

#### माय एंगल















## खबर संक्षेप

### वायु सेना चयन प्रक्रिया पर दिया मार्गदर्शन

**डोंगरगांव।** डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में कलेक्टर के आदेशानुसार प्राचार्य डॉ एके धमगाये के मार्गदर्शन में वायु सेना चयन प्रकिया हेतु करियर गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में वायु सेना अधिकारी रोहित शर्मा, श्री आकिब, पीआर झाड़े, बीईओ आरएल पात्रे, एबीईओ जयंत साहू तथा शुभी जग्गी शामिल हुए। महाविद्यालय एवं स्कूलों के विद्यार्थियों को वायु सेना चयन प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया ताकि वह वायु सेवा में सम्मिलित हो सके।अंत में प्रश्नोत्तरी में सही जवाब देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक गणेश नेताम, डॉ.आशाराम साहू आदि उपस्थित थे।



### मनाया बलिदान दिवस

**डोंगरगढ़।** केन्द्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर शक्ति केन्द्र क्रमांक 6 के बुथ क्रमांक 142 कालकापारा में डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी को श्रद्धासुमन अर्पित कर बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, मंडल उपाध्यक्ष अंचलसिंह ठाकुर, महामंत्री विनीत यादव, आदित्य मिश्रा, गिरीष साहू, संतोष बहेकर, सतीष साहू, प्रमोद लाउत्रे सहित अन्य उपस्थित थे।



### शराब के धंधे को बढ़ावा देने की शिकायत

**डोंगरगढ़।** धर्म नगरी के कुछ लोगों ने शराब बेचना बंद कर दूसरा व्यापार शुरू कर दिया है किन्तु आबकारी विभाग का अमला बंद धंधा को पुनः शुरू कराने और बेजा वसूली को लेकर चर्चा में है। जानकारी के अनुसार विभागीय अमला पुराने शराब कोचियों को पुनः शराब बेचने और मंथली बढाकर देने पर कार्रवाई नहीं करने की बात कह कर उन्हे प्रेरित कर रहे है। कुछ लोग जो चोरी छुपे दारू बेच रहे है उन्हे 3 हजार की जगह 6 हजार मंथली देकर खुले आम दारू बेचने का आफर दिया जा रहा है। विभाग की यह कार्यप्रणाली इन दिनों शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है।कुछ कोचियों ने नाम नही छापने की शर्त पर इस गतिविधि की पुष्टि किया है।

### किसानों को खाद- बीज मुहैया कराए सरकार

**अंजोरा।** जनपद सदस्य किशोरीलाल देशमुख ने खरीफ सीजन में खाद-बीज की कमी पर चिंता जताते हुए राज्य सरकार पर किसानों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है। श्री देशमुख ने बताया कि खाद और बीज डीलरों के पास तो उपलब्ध है, लेकिन सेवा सहकारी समितियों में भारी किल्लत है, जिससे गरीब और सीमांत किसान बुवाई के लिए परेशान हो रहे हैं। समितियों के भरोसे बैठे किसान अभी तक खाद-बीज के लिए चक्कर काट रहे हैं। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों का गठन किसानों की सुविधा के लिए किया गया था, लेकिन वहीं से किसानों को निराशा मिल रही है, तो यह सरकार की नाकामी है। सरकार की ओर से बार-बार दावा किया जा रहा है कि खाद-बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, लेकिन वास्तविकता इससे उलट है। श्री देशमुख ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही सेवा सहकारी समितियों में खाद-बीज की आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई, तो किसान हित में आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने काला बाज़ारी पर सख्त कार्रवाई करने और हर पंचायत में निगरानी समिति बनाने की मांग की है।



### बिजली कर्मियों ने किया पौधरोपण

**जेवरतला रोड।** बिजली विभाग के सब स्टेशन में गत दिनों पौधारोपण किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम का नेतृत्व जिले के नोडल अधिकारी केएल साहू ने किया। इस मौके पर जेई कुमारी नीलम, विश्वास जायसवाल, कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। विभाग द्वारा अब तक जिले के सभी स्टेशन में 300 से अधिक पौधों का रोपण किया जा चुका है। पौध रोपण के दौरान चेतन साहू, मुकेश मालेकर, दिनेश सिन्हा, सुरेश साहू, खिलेश साहू, नरेंद्र साहू, नूतन भुआर्य मौजूद थे।



### बीए अंतिम में प्रिया जाम्बुलकर प्रथम

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ में बीए अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम 93.79 प्रतिशत रहा। परीक्षा में कुल 145 विद्यार्थी शामिल हुए थे। प्रथम श्रेणी में 10, द्वितीय 121 एवं तृतीय श्रेणी में 5 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। छात्रा प्रिया जाम्बुलकर ने 70.5 प्रतिशत अंको के साथ कक्षा में प्रथम स्थान पर रही। किरण देवांगन ने 68.83 प्रति. के साथ द्वितीय एवं खोमेश्वरी साहू ने 63.88 प्रति. के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती, संकायाध्यक्ष डॉ आशा चौधरी, डॉ प्रदीप जाम्बुलकर, डॉ आरआर कोचे, नीलम चतुर्वेदानी, गुलशन सिन्हा, एचआर पदमे, डॉ नीता राजपूत, डॉ येशुक्रिती हजारे, नीलम सिन्हा, डॉ सपना परिहार, अंजलि देवांगन, डॉ नौशीन अंजुम, एवलाल मेश्राम, अनिमा मिंज, मनीषा भेडिया ने बधाई दी है।



### योजनाओं का किया प्रचार



**डोंगरगढ़।** नव अभिलाषा शिक्षण संस्थान डोंगरगढ़ ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत कई ग्रामों में सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। योजनाओं के पर्चे वितरित किया गया। ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी गई। अभियान के तहत जनजातीय समुदाय के लोगों को आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम खाता, जनधन खाता, बीमा कवरेज, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन योजना, आजीविका एवं रोजगार, महिला एवं बाल कल्याण आदि की जानकारी से अवगत कराया।

## गंभीर आर्थिक संकट में फंसी अंबागढ़ चौकी नगर पंचायत

# फंड का रोना, कर्मियों को तीन माह से वेतन नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

नगर पंचायत के रेगुलर कर्मचारियों को तीन माह से वेतन नही मिला है। नियमित वेतन नही मिलने से परेशान अधिकारी कर्मचारी अब वेतन की मांग को लेकर सड़क पर उतरने की तैयारी कर रहे हैं। अधिकारी कर्मचारी जुलाई के पहले सप्ताह में वेतन की मांग को लेकर आंदोलन पर जा सकते हैं।

नगरीय निकाय छग अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष राजीव बारसागढे, मो. सोफू जिलानी, जलील अहमद रब्बानी, श्यामलाल यादव, दशरथ शर्मा, तिलक यादव, मकबूल खान, पीर खान, जीवन पटेल, रामसाय पटेल, दीपक सलामे, निजाम साय पटेल, सुरेन्द्र सिन्हा, कृष्णा पटेल, रघुवेन्द्र खरे, रामकुमार देवांगन, हेमंत अमिला, रामकुमार देवांगन, कविता तिवारी, कविता मंडावी, कंचन लकडा, लोकेष सलामे आदि ने बताया कि उन्हे अप्रेल से वेतन नहीं मिला है। नियमित वेतन नही मिलने से उनकी माली हालत खराब हो गई है। वह कर्ज में डूब गए हैं। कर्मचारियों ने बताया कि उन्हे कभी भी हर माह वेतन नहीं मिलता है। वेतन के लिए तीन या चार माह इंतजार करना पड़ता है। समय पर वेतन नही मिलने से उनके समक्ष परिवार चलाने की समस्या खडी हो गई है। वेतन के अभाव में उनकी दशा इतनी खराब है कि वह न तो बच्चों का एडमिशन करा पा रहे है और न बीमर सदस्यो का उपचार करा पा रहे है।



### मानदेय भी महीनों से लंबित

नगर पंचायत के वर्तमान और पिछली कार्यकारिणी के पार्षदो का मानदेय भी महिनों से लंबित है। जानकारी के अनुसार पिछली परिषद के अधिकांश पार्षदों कोकार्यकाल खत्म होने के बाद मानदेय भुगतान का इंतजार करना पड़ रहा है। पूर्व पार्षद विमला कलिहारी, शीतल भुआर्य, मुकेश सिन्हा, सविता मानिकपुरी ने बताया की उन्हे अभी तक पिछले एक वर्ष का मानदेय नहीं मिला। इधर नई परिषद के पार्षदों को मानदेय मिलना शुरू नहीं हुआ है।

### सालों से पेंशन अंशदान जमा नहीं

जानकारी के अनुसार नियमित कर्मचारियों का पेंशन अंशदान एवं बीमा राशि 2019 से जमा नहीं हुई है। बताया जाता है कि प्लेसमेंट कर्मचारियो की भी ईपीएफ राशि वर्षों से जमा नहीं की गई है। कर्मचारी पेंशन अंशदान राशि जमा करने की मांग कर रहे है लेकिन फंड के अभाव में राशि जमा नहीं किया जा रहा है। वेतन भुगतान सहित अन्य समस्याओं को देखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने मंगलवार को नगरीय प्रशासन विभाग के संचालक से भेंट कर स्थितियो से अवगत कराया है। उन्होंने वेतन भुगतान के लिए अनुदान देने की मांग रखी है।

### अध्यक्ष एवं सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारियो ने यूनियन के माध्यम से वेतन की मांग करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी और सीएमओ विजय पांडेय को ज्ञापन सौंपा है। । कर्मचारियों ने बताया कि निरंतर तीन माह से वेतन नही मिलने से उनके समक्ष जीविकोपार्जन की समस्या खड़ी हो गई है। कर्मचारियो ने चेतावनी दी है कि जल्द वेतन भुगतान नही हुआ तो उनके सामने आंदोलन में जाने के अलावा कोई और रास्ता नहीं है।

# हास्पिटल पहुंच मार्ग का काम महीनों से अटका



**अंबागढ़ चौकी।** पचास लाख की लागत से निर्माणाधीन हास्पिटल से राजीव गांधी चौक तक सड़क का कार्य की गति को लेकर नागरिको में आक्रोश देखा जा रहा है। निकाय चुनाव से पूर्व प्रारंभ इस कार्य की गति इतनी धीमी है कि अब तक मुरूम मिटटी फिलिंग कार्य भी पूर्ण नहीं हो पाया है। इधर मुरूम मिटटी कार्य भी एकलव्य स्कूल का आहाता सामने आने के कारण रूक गया है।

निकाय चुनाव की आचार संहिता लगने के पूर्व आनन फानन में राजीव गांधी चौक से नया हास्पिटल तक सीसी सडक निर्माण शुरू कर दिया गया किन्तु उसकी धीमी गति को लेकर स्थानीय नागरिको का पारा चढ गया है। कार्य के प्रथम चरण में मुरूम मिटटी की फिलिंग किया जाना है। उसके बाद सीसी सडक निर्माण कार्य होना है।

### अध्यक्ष ने किया सड़क का निरीक्षण

सोमवार को नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने राजीव गांधी चौक से हास्पिटल तक प्रस्तावित सीसी सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने एकलव्य स्कूल के आहाता के समीप निर्माण रूकने को लेकर जायजा लिया। उन्होने उपयंत्री एवं सीएमओ को इस संदर्भ में कलेक्टर को यंहा की स्थितियो से अवगत करा कर आहाता तोडने के लिए विधिवत अनुमित लेने को निर्देश दिया।

पिछले सात माह में ठेकेदार ने मुरूम मिटटी फिलींग पूर्ण नहीं कर पाया है। यह कार्य अब एकलव्य स्कूल के आहाता के पीछे आकर अटक गया है। बताया जाता है कि जब तक आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा दीवाल तोडने की अनुमति नही दी जाएगी तब तक मुरूम मिटटी फिलींग कार्य नहीं हो पाएगा।

### आहाता तोडने मांगी अनुमति

जानकारी के अनुसार एकलव्य स्कूल के आहाता को तोडने के लिए नगर पंचायत ने कलेक्टर एवं आदिम जाति कल्याण विभाग से अनुमति मांगा है। कलेक्टर से अनुमति मिलने एवं आहाता तोड़ने के बाद ही मुरूम फिलींग का काम आगे बढ सकता है। इधर काम की धीमी गति को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने नाराजगी जाहिर की है। नगर अध्यक्ष ने कहा कि निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करना होगा। यदि काम समय में पूर्ण नही किया गया तो ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# शिविर से जागी नई उम्मीद



**छुईखदान।** धरती आबा जनभागीदारी अभियान अंतर्गत छुईखदान विकासखंड के ग्राम सिंगारपुर में लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर ने न केवल योजनाओं को उतारा, साथ ही जनजातीय परिवारों के जीवन में आशा और विश्वास का नया संचार किया। शिविर के दौरान जनजातीय समाज के हितग्राहियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत 12 हितग्राहियों को स्वास्थ्य सुरक्षा कार्ड दिया गया। इसके अतिरिक्त 12 लोगों को नया आधार कार्ड दिया गया। एक हितग्राही को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत लाभ प्राप्त हुआ।

शिविर में कुल 25 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका मौके पर ही परीक्षण कर त्वरित निराकरण किया गया। ग्रामीणों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए सिकलसेल और एनीमिया जांच की गई। इस मौके पर 12 व्यक्तियों की जांच की गई। इस मौके पर जनपद सदस्य रमला प्रेमलाल साहू, ठाकुरटोला सरपंच नरेश धुर्वे, चंद्रकुमार वर्मा, मूकचंद, रूपलाल, पवन सहित अन्य उपस्थित रहे।

# युक्तियुक्तकरण से नाराजगी, विरोध की तैयारी

## शिक्षकों की बैठक में गहन विचार–विमर्श

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन छुईखदान की बैठक गंडई रेस्ट हाउस में संपन्न हुई। बैठक में युक्तियुक्तकरण के विरोध करने की रणनीति पर विचार किया गया। युक्तियुक्त करण के तहत एक ही परिसर में संचालित विभिन्न स्कूलों का प्रभार उच्च स्तर के स्कूल को सौंपा जाएगा, जिससे कई समस्याओं के उत्पन्न होने की आशंका है।

फेडरेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि नए नियम के अनुसार किसी ग्राम में प्राथमिक और माध्यमिक शाला एक जगह पर हैं, तो दोनों का प्रभार माध्यमिक शाला को मिलेगा। इसी प्रकार जहां प्राथमिक, माध्यमिक और हायर स्कूल एक परिसर में हैं, वहां प्रभार हायर स्कूल को दिया जाएगा। फेडरेशन के सदस्यों ने इस नियम पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे भविष्य में शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। उदाहरण के लिए यदि किसी अभिभावक को प्राथमिक शाला से संबंधित कोई कार्य है, तो उसे हायर सेकेंडरी स्कूल में जाकर अपना काम करवाना होगा। इस नियम से शिक्षकों के पदों के अनुरूप उनकी जिम्मेदारियां कम हो जाएंगी, जिससे शिक्षा के स्तर में गिरावट आने की आशंका है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि चार स्कूलों का प्रभार एक ही शिक्षक पर होने से उनका कार्यभार बढ़ जाएगा।



### प्रधानपाठकों ने बताई समस्याएं

बैठक के दौरान मर्ज शालाओं के प्रधान पाठकों ने अपनी समस्याएं विस्तार से रखीं। उपस्थित सदस्यों ने इन सभी बातों पर गंभीरता से विचार करते हुए जल्द ही कड़े फैसले लेने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष कौशल श्रीवास्तव, जिला सचिव शिवचरण वर्मा, जिला उपाध्यक्ष भिखेंद्र जंघेल, गांधीराम साहू, खेमलाल जंघेल, रामदत्त साहू, लखन कौशल, योगेंद्र कोसरिया, तोकराम सिन्हा, लेखराम पटेल, विजय मेरावी, शिवचरण खुशरो, शिव श्रीवास्तव, लालाराम मेरावी, भागचंद साहू, योगेंद्र कश्यप, शेषनारायण साहू, चम्पेश्वर साहू, घनश्याम भारती, पूर्णेश्वर वैष्णव, हेमराय भारती सहित अन्य शामिल हुए।

# खुलेआम रेत का खनन और भंडारण जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

रेत के खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई का दावे के बीच ग्रामीण क्षेत्रो की नदियों से परिवहन और खनन लगातार जारी है। चिचोला- बापूटोला के बीच बहने वाली झुरा नदी रेत तस्करों की पसंद बनी हुई है। इस नदी में बरसात के पानी के साथ रेत भी बहकर आती है। हर साल बरसात के दिनों में नदी का कटाव भी होता हैं, जिससे किसानों फसलें भी बह जाती हैं जिसका मुख्य कारण रेत का खनन है। रेत तस्कर ट्रैक्टर को नदियों तक ले जाने के लिए नदी के किनारे को काट कर रैंप बनाते हैं जिसके कारण बाढ़ आने से किनारे पहुंच जाता है। कुछ दिनों से रेत तस्करों में रेत भंडारण करने की होड मची है, ताकि बारिश के दौरान जमा रेत को ऊंचे दामों में बेचा जा सके। नदी से रेत की निकासी होने के बाद भी प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है।

### गरीबों के नाम पर रेत की निकासी

प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को ट्रेक्टर एवं अन्य छोटे वाहन से रेत का परिवहन करने की छूट मिली है। इन हितग्राहियों के नाम पर रेत निकालकर जमाखोरी किया जा रहा है। बारिश लगने के बाद जमा रेत को 4 से 6 हजार कर बेच दिया जाएगा। लोगों को महंगे में रेत खरीदना पड़ेगा। गांव के कुछ लोगों द्वारा अवैध रेत परिवहन को बढ़ावा देते हुए 200 से 400 रूपए प्रति ट्रैक्टर वसूली किया जा रहा है। ग्रामीणों के मना करने पर डराया धमकाया जाता है।

### प्रवेश उत्सव संपन्न

**डोंगरगढ़।** पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला अछोली में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शाला विकास समिति के अध्यक्ष राम प्रसाद वर्मा थे। कार्यक्रम में प्रेमदास साहू, भरतलाल साहू, सुप्रिया रानी गुप्ता, खिलेश्वरी साहू, दुलारीबाई साहू, निशाबाई, रामोतिन, भुनेश्वर साहू, शैलेंद्र साहू, भुनुदास, प्रीतमदास साहू, मोहनलाल साहू, भारती देवांगन, अर्चना टंडन, रेणुका बेउरा, मितालीसिंह, ललित साहू शामिल हुए। माँ सरस्वती की पूजा अर्चना के पश्चात नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाया गया। पुस्तकें एवं गणवेश वितरित कर बच्चों स्वागत किया गया। सुप्रिया रानी गुप्ता ने बच्चों को पेन वितरित किया।

# भ्रम फैला रही भाजपा

**डोंगरगढ़।** ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने आपातकाल को लेकर भाजपा और आरएसएस पर भ्रामक प्रचार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि आजाद भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने तत्कालीन हालात को देखते हुए आपातकाल लगाया था। जिसके 50 वर्ष पूरे होने पर भाजपा, आरएसएस द्वारा भ्रामक जानकारी जनता तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सैनिक प्रमुख जनरल करियप्पा की हत्या की साजिश रचकर 1975 भारत को अस्थिर करने की साजिश रची जा रही थी जिसकी जानकारी मिलने पर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया था। आपातकाल में जनता को कर्ज से मुक्त किया गया एवं उन्हे उनकी जमीन को वापस दिलाया गया। बैंकों को राष्ट्रीयकृत करने के साथ बंधुआ मजदूर को छुड़ाया गया। किसानों और गरीबों के लिए आपातकाल स्वर्णिम काल साबित हुआ था। यह बात भाजपा अब तक पचा नहीं पाई है।



# प्रवेश उत्सव में प्रतिभावान बच्चों का हुआ सम्मान

**छुरिया।** हायर सेकंडरी स्कूल भोलापुर में गत दिनों प्रवेश उत्सव, वृक्षारोपण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव थी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को रोली टीका लगाकर मिठाई खिलाते हुए स्वागत किया। इस दौरान किताब और गणवेश वितरित किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि चंद्रप्रकाश मोटघरे, नकुलराम नेताम, सोहन साहू, चमेलीबाई ठाकुर, कीर्तन साहू, मोहितराम सिन्हा, खोमेश साहू, पूर्णानंद साहू, शिशुपाल साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम में श्रीमती वैष्णव ने प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत किया। इस दौरान श्रीमती वैष्णव, जनपद सदस्य मोटघरे ने संबोधित किया। इस मौके पर हेम साहू ,पंचराम साहू ,यादवराम साहू, गोपी देवांगन, यशवंत पवार, विष्णु साहू, नंदलाल सांगवी, हृदयराम साहू, नोहर साहू, विजय सिन्हा, भोजेश चतुर्वेदी, फगवा राम, सोमेश साहू, सुरेश साहू, टीकम पांडेय, टीकम देवांगन, प्राचार्य कमलेश्वर देवांगन, कन्हैया टेमरे, रमेश मंडलोई, नेहरू बंजारे, श्री मोटघरे, हुमन ठाकुर, किटटू साहू सहित अन्य उपस्थित थे। संचालन मनबोध चतुर्वेदी एवं आभार प्रदर्शन शिशुपाल साहू ने किया।








## खबर संक्षेप

### प्रो. राजन यादव की रेडियो वार्ता एक जुलाई को



**खैरागढ़।** इन्दिरा कला संगीत विवि में हिंदी विभाग के प्रोफेसर व विभागाध्यक्ष डॉ राजन यादव की आकाशवाणी वार्ता मंगलवार 1 जुलाई को सुबह साढ़े आठ बजे प्रसारित होगी। वार्ता आकाशवाणी रायपुर से मोर भुईयॉ कार्यक्रम तहत छत्तीसगढ़ी कविता म बरखा बरनन सहित प्रदेश के सभी रेडियो स्टेशन और मोबाइल ऐप पर भी प्रसारित होगी। वार्ता मे प्रो डॉ राजन यादव ने धरती और किसान का प्रगाढ़ संबंध, जीवन में वर्षा का महत्व, छत्तीसगढ़ के वर्षाकालीन पर्व-उत्सव, कृषि उपकरण, कृषक जीवन की व्यथा व उत्साह का छत्तीसगढ़ी जनपदीय काव्य में चित्रण किया है वही अनेक छत्तीसगढ़ी कवियों की वर्षाकालीन पंक्तियों को सस्वर प्रस्तुत किया है। वार्ता मंगलवार एक जुलाई को सुबह साढ़े आठ बजे प्रसारित होगी।

### प्रवेश उत्सव में बच्चों का किया स्वागत



**घुमका।** प्राथमिक एवं कन्या पूर्व माध्यमिक शाला में प्रवेशोत्सव का आयोजन कर कक्षा पहली एवं छठवीं के छात्र छात्राओं का स्वागत किया गया। अतिथियों ने पुस्तक और गणवेश प्रदान किया। मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच फूलमती जय कुमार वर्मा थी। अध्यक्षता दिलीप पटेल ने की। विशिष्ट अतिथि इंद्रपाल सिंह, महादेव वर्मा, जयसिंह वर्मा, बांकेलाल श्रीवास, केशव सेन, शिवलाल वर्मा थे।अतिथियों ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सुलोचना वर्मा, बीएस ठाकुर सहित अन्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### खैरबना में मना प्रवेश उत्सव



**सड़क अतरिया।** हाईस्कूल खैरबना में गुरूवार को प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह थे। अध्यक्षता जनपद उपाध्यक्ष राजू जंघेल ने की। विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य डोमारसिंह, खेलन वर्मा, बलराम जंघेल, अनुज साहू, तीजे धुर्वे थे। मां सरस्वती की पूजा अर्चना के बाद छात्रों का तिलक लगाकर तथा मुंह मीठा कराकर स्वागत किया गया। छात्रों को गणवेश एवं पुस्तक वितरित किया गया। इस मौके पर श्री सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार निजी विद्यालय की तरह शासकीय विद्यालयों के छात्रों को भरपुर सुविधा मुहैया कराने का प्रयास कर रही है जिसका प्रतिफल बोर्ड परीक्षा के परिणाम में देखा जा रहा है। कार्यक्रम में डिलेश्वरराम, टिकेंद्र कुमार, घासीराम, रामचरण, दुष्यंत जंघेल, गौकरण, गैंदलाल जंघेल, सुनिल वैष्णव, धनशाय, रामलाल भेड़िया, ललित जंघेल, धनेश साहु सहित अन्य शामिल हुए।

### पाठ्य पुस्तक देकर मनाया शाला प्रवेश उत्सव



**खैरागढ़।** ब्लाक के मुड़भादुर स्कूल में बच्चों का स्वागत बाद निःशुल्क पाठ्यपुस्तक व गणवेश देकर शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। जिपं सदस्य शताक्षी देवव्रत सिंह के मुख्य आतिथ्य व जनपद सदस्य खेमराज जैन की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत बाद मुंह मीठा कर कक्षाओं में प्रवेश कराया गया। मुख्य अतिथि शताक्षी देवव्रत सिंह ने नवप्रवेशी बच्चों को शाला प्रवेश उत्सव की बधाई व शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और अभिभावकों से बच्चों को उनकी योग्यता अनुरूप पढ़ाने और उच्च शिक्षित करने की अपील की। उन्होंने बच्चों की उच्च शिक्षा क्षेत्र में हर संभव मदद का आश्वासन दिया और कहा कि अनुशासन में रहकर कड़ी मेहनत की बदौलत शिक्षा अर्जित करने से कामयाबी जरूर मिलती है। जनपद सदस्य खेमराज जैन ने शाला प्रवेश उत्सव पर बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि क्षेत्र में उच्च शिक्षा के लिए नवीन संस्थान खोलने की मांग ग्रामवासी लंबे समय से कर रहे हैं। क्षेत्रवासियों की मांग को जायज बताते हुए इसके लिए प्रयास करने का आश्वासन दिया। इस दौरान सरपंच कुमारी बंजारे, शाला विकास समिति अध्यक्ष महेश कुमार साहू, शैक्षिक समन्वयक राकेश वर्मा, अजय कुमार वर्मा, अर्जुन साहू, पूमाशा प्रधान पाठक टेमनदास वर्मा व सहायक शिक्षक गोपालराम साहू, महिला स्व सहायता समूह सदस्यों सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

### सर्वेश्वर दास स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित



**राजनांदगांव।** पीएमश्री सर्वेश्वर दास नगर पालिक स्कूल में जिला सेवा विधि प्राधिकरण के तत्वावधान में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बच्चों को पीओसीएसओ एक्ट, नशामुक्ति और बाल श्रम के दुष्परिणामों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसएमडीसी के अध्यक्ष कमलेश सूर्यवंशी शामिल हुए। जिला सेवा विधि प्राधिकरण के डिप्टी चीफ प्रवीण मलजी ने बच्चों को कानून के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सरल भाषा में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। विद्यालय के प्राचार्य पंकज शुक्ला एवं शिक्षकों और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं कार्यक्रम में मौजूद रहे।

### निःशुल्क संस्कृत सम्भाषण शिविर का समापन आज



**राजनांदगांव।** संस्कृत भारती राजनांदगांव के तत्वावधान में दस दिवसीय निःशुल्क संस्कृत सम्भाषण शिविर का समापन गांधी सभागृह म्युनिसिपल स्कूल ग्राउंड राजनांदगांव में कल 29 जून को दोपहर 03 बजे होगा। संस्कृत भारती की जिला मंत्री डॉ. आकांक्षा विश्वकर्मा, शिक्षण प्रमुख नीलम श्रीवास्तव व नगराध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय ने बताया कि इस शिविर में सॉफ्वेयर इंजीनियर, विभिन्न विषयों के शिक्षक, विद्यालय-महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं, गृहणियां इत्यादि लगभग 60 से अधिक लोगों ने शिविर में उपस्थित होकर संस्कृत बोलना सीखा। समापन कार्यकम के मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव होंगे।

## धर्मनगरी में 40 करोड़ के कामों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

# शुरूआत छोटी पर परिणाम बड़ा होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



धर्म नगरी में लगभग 40 करोड़ के निर्माण कार्यों का लोकार्पण- भूमिपूजन तथा मां बम्लेश्वरी धर्मार्थ चिकित्सालय के डायग्नोस्टिक सेंटर का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह थे। अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने की। विशिष्ट अतिथि सांसद संतोष पांडे, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे सहित अन्य थे। अतिथियों ने मां बम्लेश्वरी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूवात की। बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के पदाधिकारी एवं भाजपा जनप्रतिनिधि आदि ने अतिथियों का स्वागत किया।

इस मौके पर डॉ. सिंह ने कहा कि डायग्नोस्टिक सेंटर शुरू होने से आने वाले समय में लोगों को बेहतर और सुलभ इलाज की सुविधा मिलेगी। इस पहल के लिए उन्होंने ट्रस्ट समिति को बधाई दी। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप 40 करोड के कार्यों का लोकार्पण- भूमिपुजन एक छोटा सा उदहारण है जो आने वाले समय में बड़े स्वरूप में सामने आयेगा। उन्होंने धर्मिक आयोजनों के साथ शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में ट्रस्ट की पहल को सराहनीय कदम बताया। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने भी ट्रस्ट समिति की सराहना करते हुए केन्द्र और प्रदेश सरकार के विकास कार्य एवं योजना को आम जनों के सामने रखा।संसाद पांडे ने कांग्रेस सरकार को आड़े हाथ लेते हुए केन्द्र सरकार की अमृत स्टेशन,तीसरी और चौथी रेल्वे लाईन विस्तार, अंडरब्रिज, ओवरब्रिज आदि की पहल को रखा। उन्होंने डोंगरगढ़ के भविष्य में बड़ा जक्शन बनने की बात कही। विधायक श्रीमती बघेल ने शहर विकास की कुछ मांगो को रखा।



#### ट्रेनों के स्टापेज की मांग

ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने र से स्वास्थ्य की सुविधा को बढावा देते हुए मल्टीप्लस अस्पताल की षुरूवात कर कम दर पर बहेतर स्वास्थ्या सुविधा उपलब्ध का दावा करते हुए डोंगरगढ़, खैरागढ़, कवार्धा रायपुर रेल मार्ग विस्तारिकरण और डोंगरगढ़ स्टेषन में कुछ प्रमुख ट्रेनों की स्टापेज की मांग रखी।

#### 40 करोड़ की सौगात

कार्यक्रम में लगभग 40 करोड़ के कामों का लोकार्पण भूमिपुजन किया गया जिसमें डोंगरगढ़ चिचोला मार्ग पर कॉलेज भवन से पुराने क्रासिंग तक वायशेप में पुल, नेहरू महाविद्यालय में कन्या छात्रावास, लाल बहादुर नगर में कन्या हाईस्कूल भवन, तहसील भवन, छीपा से बड़े कुसमी मार्ग, गाजमर्रा- राजकट्टा हेलीपेड मार्ग, लाल बहादुर नगर से नारायणगढ़ मार्ग, लाल बहादुर नगर में बालक हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन शामिल है। इस मौके पर जिला भाजपा अध्यक्ष कोमलसिंह राजपुत, सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, सौरभ कोठारी, संतोष अग्रवाल, हरविंदरसिंग मंगे, सुरेन्द्र सिंग बन्नोआना, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, सुनील जैन, प्रदीप बाघ, जस्मितसिंह बन्नोआना, दिनेश गांधी, तरूण हत्थेल, किरण वैष्णव, किरण साहू, महेन्द्र अग्रवाल, उमा महेश वर्मा, प्रकाश यादव, चंद्रप्रकाश मिश्रा, महेन्द्र परिहार, अनिल गटटानी, संजय श्रीवास्तव, प्रकाश बिंदल, संजू गुमास्ता, बबलू शांडिल्य, केशव नरेडी, योगेश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, अशोक साहू, विशु खांडेकर, तुलसी मिश्रा, सुमित मिश्रा, संतुराव अन्ना सहित अन्य उपस्थित थे।

## सरकारी जमीन पर बेजा कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

अछोली में भू माफिया ने पिछले तीन साल से अच्छा खासा कब्जा जमा लिया है। ग्रामीणों की माने तो भू माफिया पर अंकुश नहीं लगाने के कारण कुछ किसानों के हौसले भी बुलंद हो चुके हैं और वह भी जमीन पर कब्जा करने लगे है। हाल में सुदर्शन पहाड़ से लगी डेढ़ एकड़ की सरकारी जमीन पर एक मटेरियल सप्लायर द्वारा कब्जा करने का मामला सामने आया है। जिसने कब्जा किया है उसकी निजी जमीन से लगी हुई जमीन सरकारी है जिसका फायदा उठाते हुए किसान ने पहले बड़ी मात्रा में शासकीय जमीन से मुरुम का खनन किया और फिर अवैध कब्जा कर लिया।

#### चारागाह की है जमीन

ग्रामीणों के अनुसार जमीन के पहाड़ के पिछले हिस्से में होने के कारण कई दिनों तक कब्जा करने की जानकारी नहीं हो पाई थी। बीते दिनों जब इस पहाड़ में तेंदुए की दस्तक हुई तक मामले का खुलासा हुआ। इससे पहले भी एक और मामला कुछ दिन पहले आया था। प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए लगभग 80 डिसमिल जमीन खाली कराया था। अब ग्रामीण इसी प्रकार की कार्रवाई चाह रहे हैं।

#### कार्रवाई किया जाएगा

इस मामले को पंचायत में लाया जाएगा। आरोप सिद्ध होने पर कार्रवाई किया जाएगा। - **नंद कुमार साहू**, सरपंच

## दर्शन देने मंदिर से निकले भगवान

### रथयात्रा की धूम, राजा गिरिराज किशोर ने खींचा रथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

शहीद नगरी छुईखदान के भगवान जगन्नाथ मंदिर से एतिहासिक रथयात्रा निकाला गया। इस दौरान हजारों भक्त भगवान जगन्नाथ का रथ खींचने के लिए कतार लगाकर अपनी बारी आने का इंतजार करते रहे है। रियासत कालीन जगन्नाथ मंदिर से प्राचीन परंपरा के अनुरूप इस बरस भी भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र,बहन सुभद्रा के साथ भक्तों दर्शन देने बाहर निकले और नगर के मुख्य मार्गों चौक चौराहो से होते हुए पुनः निज वापस लौट आए।

#### इन स्थानों से गुजरी रथयात्रा

जमात पारा स्थित जगन्नाथ मंदिर से निकलकर प्रभु राजमहल चौक, बाई साहब मंदिर चौक, बाजार लाईन, ब्राम्हण पारा, रानी मंदिर चौक, महोबिया पारा, जमुना चौक, जयस्तंभ चौक, बस स्टैण्ड, अस्पताल चौक होकर पुराना पुलिस थाना चौक होते हुए केंवटपारा, कंडरा पारा होते हुए वापस मंदिर पहुंची। शाम कोभगवान की आरती, प्रसाद वितरण के साथ ही यात्रा का समापन हुआ।

#### गिरिराज ने परिजनों के साथ खींचा रथ

भगवान जगन्नाथ का रथ को खींचने के लिए हजारों श्रद्धालु इंतजार करते नजर आए। वहीं राज परिवार भी रथ को खींचने के लिए अपनी बारी आने का इंतजार करते रहा। महल के पास रथ के पहुंचने पर राज परिवार ने पूजा अर्चना कर भगवान जगन्नाथ की रथ को खींचते हुए नगर भ्रमण के लिए निकले। इस दौरान छोटे राजा देवराज किशोर दास, रानी नम्रता वैष्णव अपने दोनों बेटों के साथ नगर वासियों को रथयात्रा की बधाई दिया। ज्ञात हो कि नगर में स्थित भगवान जगन्नाथ का तीन सौ बरस पुराना मंदिर है । यहां भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना की जाती हैं। रथ यात्रा में शामिल होकर नगर पंचायत अध्यक्ष रानी नम्रता गिरिराज किशोर ने पूजा अर्चना कर आशीर्वाद मांगा। रथ यात्रा के दौरान मंदिर समिति और भक्तों ने चना, मुंग मिश्री के प्रसाद का वितरण किया। जय जगन्नाथ सेवा समिति ने भंडारे का आयोजन कर हलुआ, पुरी, खिचड़ी, साग, पुलाव बूंदी आदि का वितरण किया। हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## गोपालपुर में विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



■ बीते कांग्रेस शासनकाल में कागज में हुआ विकास कार्य

जिले के छुईखदान ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत गोपालपुर मे 20 लाख रुपयो की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों का जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने भूमिपूजन किया। इस राशि से गॉव मे 5 लाख का सीसी रोड, 5 लाख काएनाली, 5 लाख का भवन बनेगा जबकि पंचायत के आश्रित ग्राम कोडक्रा मे बोरखनन 2 लाख और मंच निर्माण के लिए 3 लाख रुपए खर्च होंगे।

मुख्य अतिथि जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि बीते पाचं सालो के कांग्रेस शासनकाल मे प्रदेश का विकास कागजो मे हुआ है। नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना के नाम पर भ्रष्टाचार हुआ। नकली शराब के गोरखधंधे ने छत्तीसगढ़ को बर्बाद किया लेकिन अब भाजपा सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के एक साल पूरे होने पर सुशासन तिहार के माध्यम से गाँव-गाँव में शिविर लगाकर जनता की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। गोपालपुर में बीस लाख रुपयो के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन यह दर्शाता है कि भाजपा सरकार ग्रामीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम दौरान जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने महिलाओं से महतारी वंदन योजना के लाभ की जानकारी ली, जिसे लेकर महिलाओं ने बताया कि उन्हें हर माह एक हजार रुपये उनके खातों में नियमित रूप से प्राप्त हो रहा हैं। इस दौरान जिपं सदस्य ललित चोपड़ा, छुईखदान मंडल भाजपा अध्यक्ष भावेश कोचर, राजू जंघेल, संदीप वैष्णव, ज्ञान यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। समूचा कार्यक्रम जनभागीदारी और विकास के संकल्प के साथ हुआ।

### स्वयं सेवकों ने किया ग्रामीणों को जागरूक

**राजनांदगांव।** यूनिसेफ युवोदय राजनांदगांव के स्वयं सेवकों द्वारा मिशन जल रक्षा अंतर्गत छुरिया विकासखंड के ग्राम सीताकसा में जल संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से बोरी बंधान कार्य में श्रमदान किया गया। जिला समन्वयक यूनिसेफ विनोद कुमार टेम्बुकर ने कहा कि सोखता गड्ढा निर्माण से गिरते भू-जल स्तर में सुधार हो सकता है। उन्होंने ग्रामीणों को अपने घरों में सोखता गड्ढा निर्माण के लिए प्रेरित किया गया।

साथ ही ग्रामीणों को अपने घरों में कम से कम 5 पौधा लगाकर पर्यावरण सरंक्षण करने का संकल्प लेने कहा। कार्यक्रम में ग्रामीणों को स्वच्छता एवं साफ-सफाई के लिए शपथ दिलाई गई और सभी को स्वच्छता शुल्क देने का आग्रह भी किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य छुरिया, इंजीनियर तुमेश्वर साहू, यूनिसेफ युवोदय के स्वयं सेवक तोरण पटेल, साहिल देवांगन, भारत साहू सहित ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक अन्य पंच एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## रैली और पोस्टर के माध्यम से यात्रियों को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कॉन्फ्लूएंस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, एक्सटेंशन एक्टिविटी एवं रेलवे पुलिस बल के संयुक्त तत्वावधान में महिला सुरक्षा एवं महिला अधिकार के प्रति यात्रियों को जागरूक करना, यात्रा के दौरान होने वाले समस्या, सुरक्षा एवं सावधानियों के बारे में बताने एवं जागरूक करने हेतु नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते रैली निकालकर एवं पोस्टर प्रदर्शित किया। जिसमें लोगों को महिला सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रदान किया गया।

कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने कहा कि भारतीय रेलवे महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए इस दिशा में काफी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। जिसके अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम और सुरक्षा उपाय देशभर में आयोजित किया जा रहा है। आवागमन करने वाली महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने राजनांदगांव रेलवे स्टेशन में रैली निकालकर पोस्टर प्रदर्शित कर तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यात्रियों को सुरक्षित यात्रा, सुरक्षा, आपात स्थिति के संबंध में जानकारी प्रदान किया।

रेलवे सुरक्षा बल टीआई तरूणा साहू ने बताया कि राजनांदगांव रेलवे सुरक्षा बल द्वारा जागरूकता अभियान के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक में यह बताया कि हेल्पलाइन नंबर 139 या 182 पर आप संपर्क कर सकते हैं। आप अकेले यात्रा के दौरान अपनी सीट तथा कोच की जानकारी परिजनों को बता सकते हैं। यात्रा में ट्रेन या सहयात्री की प्रतिष्ठा के दौरान महिलाओं हेतु आरक्षित प्रतिक्षालयों अथवा स्टेशनों पर महिलाओं हेतु बने अक्षिता सेफ बबल में बैठे जैसे अन्य महत्वपूर्ण जानकारी जागरूकता अभियान के अंतर्गत साझा किया। आने-जाने वाले ट्रेनों में उपस्थित यात्रियों से अपील करते समझाइस देते पाम्प्लेट बांटी गई।

#### चलाया जा रहा अभियान

| कक्षा - I | कक्षा - II | कक्षा - III |
| कक्षा - IV | कक्षा - V | कक्षा - VI |
| कक्षा - VII | कक्षा - VIII | कक्षा - IX-X |

पंजीयन फार्म स्कूल कार्यालय में उपलब्ध सभी कार्य दिवसों में

समय: सुबह 10:00 से सायं 04:00 बजे तक
संपर्क : 9907934339, 7869481015

भोरमदेव एजुकेशन कैम्पस, सिद्धपुर, नवागांव, पाण्डातराई / घुघरी कला, कवर्धा - 491445 (छ.ग.)
मो.: 9907934339, 7869481015, 9752099013, टेली / फैक्स - 07741-208068
Website : www.bewsraipur.org, Email : bhoramdeopublicschool@gmail.com

## कवर्धा से अमरकंटक 180 किलोमीटर तक गूंजेगा बोल-बंम का नारा

# कांवड़ियों व श्रद्धालुओं को मेडिकल, ठहरने मुलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो : डिप्टी सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

पवित्र सावन मास 11 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है और सावन मास का प्रथम सोमवार 14 जुलाई को होगा, इसकी तैयारियां शुरू हो गई है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शनिवार को कवर्धा प्रवास के दौरान जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सावन माह के अवसर पर जिले में होने वाले भव्य कांवड़ यात्रा और भोरमदेव पदयात्रा सहित श्रद्धालुओं के भोरमदेव दर्शन की समुचित तैयारियों को लेकर भोरमदेव सनातन तीर्थ ट्रस्ट कबीरधाम के पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, संघ के प्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी की बैठक ली। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सभी से विस्तृत चर्चा कर सावन माह में पूरे माह तक चलने वाली कांवड़ यात्रा की तैयारी संबंधी सुझाव आमंत्रित किए एवं संबंधित अधिकारियों को समन्वयात्मक ढंग से कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने कवर्धा से अमरकंटक तक एवं वापसी में अमरकंटक से हनुमंत खोल से होते हुए पोलमी, कुकदूर, पंडरिया, डोंगरिया, भोरमदेव और पंचमुखी बूढ़ा महादेव मार्ग तक की साफ-सफाई, चिकित्सा सुविधा, पेयजल व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, ठहराव स्थलों की व्यवस्था एवं यातायात नियंत्रण आदि बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोपरि है और शासन की मंशा है कि सभी श्रद्धालुओं को सुगम, सुरक्षित और भावनात्मक अनुभव प्राप्त हो। इसके पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बूढ़ामहादेव मंदिर परिसर कवर्धा का निरीक्षण कर बोल बम समिति एवं मंदिर समिति के पदाधिकारियों के साथ भी बैठक की। बैठक में स्थानीय स्तर पर श्रद्धालुओं की सुविधा और मंदिर प्रबंधन की आवश्यकताओं पर विचार करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सावन माह में होने वाले समस्त धार्मिक आयोजनों को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए समुचित समन्वय और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि भक्ति, आस्था और व्यवस्था इन तीनों का समन्वय ही इस आयोजन की सफलता का आधार बनेगा।

### सावन महीने के प्रथम सोमवार भोरमदेव पदयात्रा 14 जुलाई को



प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष सावन महीने के प्रथम सोमवार 14 जुलाई को पूरी भव्यता के साथ भोरमदेव पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। भोरमदेव पदयात्रा सबेरे 7 बजे से बूढ़ा महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर भोरमदेव मंदिर तक होगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि भोरमदेव पद यात्रा में श्रद्धालु उत्साह से भाग लेते है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कवर्धा सहित आसपास के सभी नागरिक इस पदयात्रा में शामिल होकर भव्य बनाएं। उन्होंने कहा कि आयोजन के संबंध में पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। इस दौरान विभिन्न संस्था के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किया। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, पदयात्रा के रास्ते में पड़ने वाले ग्राम पंचायतों द्वारा रास्ते की साफ-सफाई एवं स्वागत द्वार बनाने, पेयजल, सुलभ शौचालयों की साफ-सफाई, रास्ते में जगह-जगह आपात चिकित्सा व्यवस्था, डीजे व्यवस्था तथा पदयात्रियों के लौटने के लिए निःशुल्क बसों की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक तैयारियों के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई। बैठक में भोरमदेव पदयात्रा के गरिमामय आयोजन के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए।

### मां नर्मदा से जल लेकर कांवड़ यात्रा करते हुए पहुंते है बाबा भोरमदेव के दरबार

कबीरधाम जिले के बोलबम समिति के कांवड़ियों द्वारा मध्यप्रदेश के अमरकंटक से मां नर्मदा नदी की पवित्र जल कांवर में लेकर 180 किलोमीटर की जंगल-पहाड़ियों और पथरीलि रास्तों से होते हुए पदयात्रा करते हुए कबीरधाम जिले के जलेश्वर महोदव में प्रथम आगमन होता है। यहां हजारों की संख्या में प्रतिवर्ष कावरियों द्वारा जलेश्वर महादेव में जलाभिषेक की जाती है। बोल-बम पदयात्रियों का अगला पड़ाव कवर्धा से 18 किलोमीटर दूर बाबा भोरमदेव मंदिर तक होती है। इसके बाद पदयात्रा करते हुए कवर्धा के प्राचीन पंचमुखी बुढ़ा महोदव पहुंचकर श्रद्धा पूर्वक शिव लिंग में जलाभिषेक और पूजा अर्चना की जाती है। यहां हजारों की संख्या में कांवड़ियों द्वारा मां नर्मदा नदी की जल से बाबा भोरमदेव मंदिर में विजारित शिव जी का जलाभिषेक किया जाता है।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयासों से छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं के लिए मध्यप्रदेश के अमरकंटक में 5 एकड़ भूमि प्रदान किया गया है। आने वाले समय में छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं और कांवड़ियों के लिए यहां सर्व सुविधा युक्त भवन सहित अन्य कार्य कराया जाएगा।



# कोलेगांव में भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा धूमधाम से निकाली गई

- ग्रामीणों ने दर्शन कर क्षेत्र की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

ग्राम कोलेगांव में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा प्रभु श्रीराम मंदिर से निकाली गई। वहीं नगर भ्रमण करते हुए मां महामाया, मां शीतला मंदिर, ब्राह्मण पारा से होते हुए नगर के मुख्य चौंक चौराहा में भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली गई। वहीं ग्राम कोलेगांव वासियों द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर अपने-घर परिवार की सुख, शांति व समृद्धि के लिए कामना की, वहीं आसपास क्षेत्र के श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

बताया जाता है कि भारत के उड़ीसा राज्य का पुरी क्षेत्र जिसे पुरुषोत्तम पुरी, शंख क्षेत्र, श्रीक्षेत्र के नाम से भी जाना जाता है, भगवान श्री जगन्नाथ की मुख्य लीला-भूमि है। उत्कल प्रदेश के प्रधान देवता श्री जगन्नाथ ही माने जाते हैं, यहां के वैष्णव धर्म की मान्यता है कि राधा और श्रीकृष्ण की युगल मूर्ति के प्रतीक स्वयं श्री जगन्नाथ हैं।

इसी प्रतीक के रूप भगवान श्री जगन्नाथ से सम्पूर्ण जगत का उद्भव हुआ है। भगवान श्री जगन्नाथ पूर्ण परात्पर भगवान है और श्रीकृष्ण उनकी कला का एक रूप है। ऐसी मान्यता श्री चैतन्य महाप्रभु के शिष्य पंच सखाओं की है। पूर्ण परात्पर भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा आषाढ़ शुक्ल द्वितीया को जगन्नाथपुरी में आरम्भ होती है। गुंडीचा मंदिर को गुंडीचा बाड़ी भी कहते हैं। यह भगवान का जन्मस्थान है। इस मंदिर के बारे में पौराणिक मान्यता है कि यहीं पर देवशिल्पी विश्वकर्मा ने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी की प्रतिमाओं का निर्माण किया था।

## बाजार चारभाठा विद्यालय में संयुक्त रूप से शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम संपन्न



**हरिभूमि कवर्धा।** बाजार चारभाठा विद्यालय में संयुक्त रूप से शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सभापति जनपद पंचायत स लोहारा, अध्यक्ष शाला विकास समिति सुदर्शन कुम्भकार एवं अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा रणवीरपुर मण्डल ने अपने सम्बोधन में शिक्षा के प्रति शासन की कई महत्वपूर्ण योजनाओं और बातो को साझा किया, जिसमे निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, यूनिफार्म, बेटियों के लिए सायकल, स्कॉलरशीप साथ ही योग्य अनुभवी शिक्षकों द्वारा अध्यापन, साथ ही बच्चो से स्कूली कार्यक्रम में अपने-अपने पालकों से ज्यादा से ज्यादा शामिल होने अपील की गई। कार्यक्रम में शिवम कुम्भकार सरपंच, गजाधर कौशिक अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति, गिरधारी कौशिक पूर्व सरपंच, डॉ अनिल मंडावी, जगेश्वर मंडावी, प्राचार्य हाई स्कूल, भागीरथी साहू प्रधान पाठक, भगवानी पाटिल प्रधान पाठक, महेंद्र साहू शिक्षक, ह्यूमचंद अनंत, दुर्गेश मानिकपुरी एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र छात्राओं की उपस्थित में कार्यक्रम संपन्न हुआ। वहीं कार्यक्रम में कक्षा पहली से 12वी तक के बच्चे उत्साहित होकर प्रवेश उत्सव में शामिल हुए एवं नवप्रवेशी विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। साथ ही निःशुल्क पुस्तक, निःशुल्क ड्रेस का वितरण किया गया तत्पश्चात पौधरोपण किया गया।

## खबर संक्षेप

### मोदी सरकार के कार्यकाल में देश ने चौतरफा विकास किया: अश्वनी यदु



**हरिभूमि कवर्धा।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष के स्वर्णिम कार्यकाल में देश ने विकास की क्षेत्र में आसमान को छुआ है और विश्व में भारत का गौरव बढ़ा है। उक्त बात मोदी के 11 वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने पर पूर्व सभापति एवं भाजपा नेता अश्वनी ने कहा कि विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 वर्ष में मोदी सरकार में स्वास्थ्य के क्षेत्र में, शिक्षा के क्षेत्र में, नौकरी के क्षेत्र में, कृषि क्षेत्र में एवं बुनियादी सुविधाओं में क्रांतिकारी बदलाव आया है। श्री यदु ने कहा मोदी की शासन काल में कॉलेजों की संख्या दोगनी हुई, 2014 में मेडिकल कॉलेज की संख्या 387 थी जो 2025 में बढ़कर 780 हो गया, वही एमबीबीएस सीटों की संख्या 51.348 से बढ़कर 2024 1.18 लाख हो गई है। मोदी सरकार पिछले 11 वर्षो में 17.1 करोड़ नौकरियां निकली है, स्टार्टअप से 1.61 लाख युवाओं को नौकरी मिली, वही स्किल इंडिया मिशन के तहत अब तक 2.27 करोड़ से अधिक युवाओं को ट्रेनिंग दी गई है। उन्होने कहा पिछले 11 वर्षो में मोदी सरकार ने युवा को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए नई शिक्षा नीति के साथ कौशल विकास और स्टार्ट अप्स पर फोकस से हमारे युवा विकसित भारत के संकल्प के अहम भागीदार बने है और ये देश के लिए अत्यंत प्रसन्नता और खुशी की बात है कि आज देश की युवा राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

### असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बने: मनोज भास्कर



**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुण्डा के ब्लॉक अध्यक्ष ग्राम पंचायत कुण्डा के वार्ड क्रमांक 13 के पंच मनोज भास्कर की नियुक्ति की गई। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व मंत्री मो.अकबर, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गेंदू, नीलकंठ चंद्रवंशी, पूर्व विधायक पंडरिया श्रीमती ममता चंद्राकर, पूर्व सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग महेश चंद्रवंशी के अनुमति से जिला अध्यक्ष कांग्रेस होरीराम साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुण्डा अध्यक्ष उतरा दिवाकर के अनुसंशा पर प्रदेशाध्यक्ष असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ कुण्डा के पद पर मनोज भास्कर की नियुक्ति की है, उनकी नियुक्ति कांग्रेस पार्टी के प्रति कर्मठता निष्ठावान के चलते नियुक्ति की गई है। उनके नियुक्ति पर कांग्रेसियों ने बधाई प्रेषित कर शुभकामनाएं दी।

# अनदेखी: पानी टांकी निर्माण दो वर्षों से अधूरा, जिम्मेदार बेपरवाह

## शिकवा शिकायत के बाद ग्रामीण मूलभूत सुविधा लाभ से वंचित



हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

शासन-प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना नल जल जीवन मिशन योजना के तहत हर-घर नल कनेक्शन किया गया, लेकिन नल जल योजना कवर्धा ब्लॉक क्षेत्रांतर्गत ऊंट के मुंह में जीरा जैसे कहावत को चरितार्थ करते नजर आ रही है। ग्रामीण क्षेत्र ग्राम पंचायत जेवड़न खुर्द में अमृत नल जल जीवन मिशन योजना के तहत निर्माण कार्य किया जा रहा है जो पिछले दो वर्षो से आधा अधूरा होने से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं पानी टंकी निर्माण कार्य में जिम्मेदारों भारी अनदेखी व घोर लापरवाही के कारण आज पर्यंत तक पानी टंकी निर्माण कार्य आधा अधूरा होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। बताया जाता है कि क्षेत्र में पानी टंकी नौ दिन चले, अढ़ाई कोस की कहावत पर बिल्कुल सटीक बैठ रही है। क्षेत्र में शासन-प्रशासन की महत्वपूर्ण योजना नल जल मिशन योजना कार्य कछुआ चाल में निर्माण कार्य होने से दो वर्षो से आधा-अधूरा व योजना का जमीनी स्तर पर नहीं उतर पाई है। यही कारण ही ग्रामीणों मे भारी आक्रोश व्याप्त है। यहां बताना लाजिमी होगा कि विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत जेवड़न खुर्द में विशाल पानी टंकी का निर्माण कार्य पिछले दो वर्षो से किया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदारों व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की भारी अनदेखी व उदासीनता का खामियाजा ग्राम पंचायत जेवड़न खुर्द के ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। जिस पर ग्रामीणो ने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नल जल मिशन योजना जल्द से जल्द तेज गति से निर्माण कार्य की मांग की गई ताकि ग्रामवासियों को महत्वपूर्ण योजना का लाभ मिल सकें।

### ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं के लाभ से वंचित, सड़क जर्जर



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम बीजाझोरी से बरबसपुर, डबराभाट से बरबसपुर, दौजरी से डबराभाट, नाऊडीह से घुकसा और नाऊडीह से बीजाझोरी तथा सारंगपुर खुर्द, बाझीमौहा, जेवड़न खुर्द, सारंगपुर खुर्द से जमुनिया तक पहुंच मार्ग सड़क कच्ची होने के कारण ग्रामीणों व राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के रहवासियों को बुनियादी सुविधाएं पिछले 35 वर्षो से जुझना पड़ रहा है। जिससे ग्रामीणों व राहगीरों को आवागमन में दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शासन प्रशासन द्वारा एक पंचायत से दूसरे ग्राम पंचायत तक पहुंचने के लिए सड़को का जाल बिछाया गया लेकिन आज 35 वर्षो ने तक क्षेत्र के ग्रामीण कच्ची सड़कों से आवाजाही करने मजबूर है।

### बरसात में उठानी पड़ रही भारी दिक्कते

ग्रामीणो से मिली जानकारी के अनुसार पीएम सड़क कच्ची होने के कारण क्षेत्रवासियों को बरसात के समय में भारी दिक्कतो व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर स्कूली छात्र छात्राओं व राहगीर पक्की सड़क के अभाव में सड़क दुर्घटना के शिकार व गिरकर चोटिल हो रहे है।

# अशोका पब्लिक स्कूल में जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

अशोका पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास एवं धार्मिक श्रद्धा के साथ रथ यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जगन्नाथ भगवान की परंपरागत रथ यात्रा के उपलक्ष्य में संपन्न हुआ, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण एवं अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित थें। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय संचालक पवन देवांगन, संचालिका श्रीमती सारिका देवांगन तथा प्राचार्य लोकनाथ देवांगन द्वारा प्रभु श्री जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा की मूर्तियों की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई।

इसके पश्चात विद्यालय प्रांगण से रथ यात्रा प्रारंभ हुई, जिसमें छात्राओं ने भगवान के तीनों स्वरूपों को सुसज्जित रथ में विराजमान कर भजन-कीर्तन के साथ भ्रमण कराया। पूरे परिषर में भक्ति एवं उल्लास का वातावरण व्याप्त था। विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों जैसे भजन, कविता, नृत्य एवं नाट्य के माध्यम से भगवान श्री जगन्नाथ की महिमा का वर्णन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के संचालक पवन देवांगन ने सभी को शुभकामनाएं दीं एवं भारतीय संस्कृति और परंपरा के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होने कहा कि पूरा विद्यालय प्रांगण जय श्री जगन्नाथ, जय जगन्नाथ जयकारा से गुंजायमान हो उठा, जिसे सुन हृदय आस्था से सरोकार हो हर्षित एवं पुलकित हो उठा। यह दर्शन ऐसा प्रतीत हो रहा जैसे सच-मुच पूरी का दृश्य हो और साक्षात प्रभु हमारे बीच हो। प्राचार्य लोकनाथ देवांगन ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता को हम अपनी आने वाले पीढ़ी को उसकी महत्ता जीवंत कर अपनी धार्मिक, सांस्कृतिक धरोहर को युगों-युगों तक आत्मसात करा सकते है। इस अवसर पर अभिभावकों और स्थानीय जनसमुदाय ने भी भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। रथ यात्रा का समापन प्रसाद वितरण और सामूहिक आरती के साथ हुआ।

## ग्रामीण व राहगीरों को आवागमन में करनी पड़ रहा दिक्कतों का सामना

# कुण्डा से महका प्रधानमंत्री पहुंच मार्ग जर्जर, हादसे की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा



कुण्डा से महका प्रधानमंत्री मार्ग सड़क का हाल खस्ता हो चुका है, जिससे राहगीरों को आवागमन करने में काफी असुविधा होती और हमेशा सड़क हादसा होने की भय राहगीरों में बना रहता है। मिली जानकारी के अनुसार 2018 में ग्राम कुण्डा से सेन्हाभाटा के बीच प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत लागत राशि 49.19 लाख रुपए से 3 किलो मीटर तक पहुंच मार्ग का निर्माण ठेकदारों द्वारा 5 वर्ष की गारंटी दी गई थी लेकिन सड़क निर्माण पश्चात गारंटी अवधि में एक बार भी ठेकेदार द्वारा इस ओर झांक कर भी नहीं देखा गया। फलस्वरूप ठेकेदार व संबंधित विभाग के देख-रेख के अभाव में सड़क गड्ढे ही गड्ढे में तब्दील हो गया है, जबकि सड़क निर्माण के वर्ष भर बाद हर बार बरसात के बाद झाड़ियों की कटाई एवं सफाई बरसात के बाद रैन कट की सफाई आवश्यकता अनुसार मिट्टी, सोल्डर व मरम्मत संधारण कार्य आवश्यकता अनुसार पाट होल्डर संधारण कर सड़क किनारे नाली सफाई एवं मरम्मत कार्य किया जाना चाहिए, सड़क का हाल जर्जर और खस्ता होने के कारण ग्रामीण व राहगीर सड़क हादसे का शिकार हो रहे है।

### इस मार्ग में कई सरकारी कार्यालय संचालित

खास बात है कि इस मार्ग में विद्युत कार्यालय, परियोजना कार्यालय, सह संसाधन केंद्र, तहसील कार्यालय भवन, शासकीय मंदिरालय संचालित है। जिसके वजह से इस मार्ग में प्रतिदिन हजारों राहगीरों का आवागमन होता रहता है यही मार्ग महका के पास मुख्यमार्ग को जोड़ता है, गड्ढेनुमा सड़क के चलते आए दिन हादसे होते रहते है इसी मार्ग से सेवा सहकारी समिति कुण्डा के अंतर्गत आने वाले ग्रामों के कृषकों को ग्राम सेन्हाभाठा से खाद बीज लाना होता साथ ही चार पहिया वाहन की पलटने की आशंका बनी रहती है

## खबर संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मंदिर में की पूजा अर्चना



**कवर्धा।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शनिवार कवर्धा स्थित ऐतिहासिक एवं आस्था का केन्द्र पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर में पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने भगवान शिव का जलाभिषेक किया और मंत्रोच्चारण के साथ महादेव की आरती में सम्मिलित होकर प्रदेश एवं जिले के नागरिकों के लिए सुख, समृद्धि, शांति और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

### छत्तीसगढ़ बीआरपी संघ पदाधिकारी मिले सीएम से




**स.लोहारा।** छत्तीसगढ़ बीआरपी संघ ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। इस संबंध में सहसपुर लोहारा के बीआरपी नरेश कुमार सोनी ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल में शामिल संघ के सौम्या देवांगन, डीकेश साहू ने दिव्यांग बच्चों के शिक्षण एवं प्रशिक्षण के लिए विगत 15, 20 वर्ष से संविदा में कार्यरत कर्मियों को नियमित करने एवं बीआरपी के लिए विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कार्यालय में मुलाकात कर विस्तार से चर्चा की। जिसमें प्रमुख रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए कार्यरत संविदा बीआरपी (समावेशी शिक्षा) को नियमित करने की मांग की एवं अधिक शिक्षक भर्ती के लिए आग्रह किया।

### दिल्ली पब्लिक स्कूल में मनाया गया पर्यावरण दिवस



**कवर्धा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, कवर्धा में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने ग्रीन हाउस के विद्यार्थियों द्वारा प्रभावशाली विशेष प्रार्थना सभा प्रस्तुत की गई। सभा में विद्यार्थियों ने प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्परिणामों को दर्शाते हुए एक लघु नाटक प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने विषय से संबंधित अंग्रेज़ी भाषण, कविता पाठ, तथा ग्रीन प्लेज (हरित संकल्प) के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही विद्यालय में सीसीए के अंतर्गत कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों को समाज से जोड़ने हेतु शैक्षणिक भ्रमण भी आयोजित किया गया। जिसके तहत कक्षा 6 के छात्र-छात्राओं ने स्थानीय डाकघर का भ्रमण कर वहां की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की। कक्षा 7 के विद्यार्थियों ने राइस मिल धान प्रसंस्करण इकाई जाकर धान से चावल बनने की प्रक्रिया को देखा। कक्षा 8 के छात्रों ने ग्राम पंचायत कार्यालय का दौरा कर पंचायत की योजनाओं एवं प्रशासनिक प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की।

### हाई स्कूल छिरहा में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन



**कवर्धा।** शासकीय हाई स्कूल छिरहा में बड़े उत्साह के साथ शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया, जो नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक नई शुरुआत का प्रतीक बना। इस अवसर पर विद्यालय में कदम रखने वाले सभी नए छात्र-छात्राओं का पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यह स्वागत समारोह न केवल उन्हें सम्मानित करने का एक तरीका था, बल्कि उन्हें यह अहसास दिलाने का जरिया था कि वे अब एक बड़े और सहायक शैक्षणिक परिवार का हिस्सा हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को मिष्ठान वितरित किया गया, तत्पश्चात सभी नवप्रवेशियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें वितरित की गईं, जो उनकी शिक्षा यात्रा को सुगम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह शाला प्रवेश उत्सव केवल नए विद्यार्थियों के स्वागत का कार्यक्रम ही नहीं, बल्कि उन्हें एक उज्ज्वल और सफल भविष्य की ओर अग्रसर करने का एक महत्वपूर्ण संकल्प भी है। हाई स्कूल छिरहा अपने सभी नए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है और उन्हें हर कदम पर सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एसएमडीसी अध्यक्ष चैनसिंह पटेल, सरपंच सुरेश पटेल एवं भगत पात्रे ने विद्यार्थियों को विद्यालय में उपलब्ध सभी सुविधाओं का बेहतर उपयोग करने और कड़ी मेहनत से सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस प्रेरणादायी अवसर पर एसएमडीसी अध्यक्ष चैनसिंह पटेल, सरपंच सुरेश पटेल, प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी, भगत पात्रे, पूरन पटेल, सुखी पटेल, सुखनंदन दास, श्यामू पटेल, व्याख्याता कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी, वीणाक्षी नामदेव, अभिभावकगण एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

**अनदेखी:** पहली बारिश में विकास की गारंटी की खुली पोल, कोलेगांव-हथमुड़ी मार्ग ताल में तब्दील

# जिले के ग्रामीण अंचल की प्रायः हर सड़क में प्राकृतिक सोखता गड्ढा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोलेगांव

जैसी की आशंका जताई जा रही थी ठीक उसी के अनुरूप वर्षाकाल प्रारंभ होते ही जिले के ग्रामीण अंचलों में शासन के तथा कथित विकास की पोल खुलने लगी है। सत्तारूढ दल भाजपा और उसके नुमाईदों के विकास के दावों के बीच बारिश का सबसे ज्यादा विपरीत प्रभाव जिले के खस्ताहाल और जर्जर सड़कों पर दिखाई दे रहा है। स्थिति ये है कि पहले ही डामर विहीन और गड्ढों में तब्दील हो चुकी ये सड़कें पहली ही बारिश में अब ताल में तब्दील होने लगी है। जिनमें वाहनो का चला तो दूर पैदल चलना भी दूभर हो रहा है। जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ ही खेती किसानी के इस सीजन में किसानो तथा स्कूली बच्चों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि सड़कों को विकास की रीढ़ बताने वाले सत्ता सरकार में बैठे क्षेत्रीय औहदेददार जनप्रतिनिधि तथा सक्षम आला प्रशासनिक विभागीय अधिकारी भी क्षेत्र के विकास में रोढ़ा अटकाने वाली तथा लोगों के लिए जीवलेवा साबित हो रही इन खस्ताहाल और जर्जर सड़कों के प्रति कोई गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं और आंख चुराकर भाग रहे हैं। सत्ताशीन सरकार के विकास और उस पर विकास की गारंटी का एक नमूना जिले की पंडरिया विधानसभा के ग्राम कोलेगांव से हथमुड़ी मार्ग में साफ देखी जा सकती है। बताया जाता है कि वर्षो पूर्व प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत इस मार्ग का डामरीकरण कराया गया था ताकि क्षेत्र के ग्रामीणों को बारहमासी आवागमन की बेहतर सुविधा मिल सके और क्षेत्रवासियों के विकास का मार्ग प्रशस्त हो सके। लेकिन क्षेत्र के ग्रामीणों की माने तो पहले ही सड़क निर्माण में संबंधित कार्य एजेंसी और उसके चहेते ठेकेदार द्वारा बरती गई भारी अनियमितता और उस पर रखरखाव के आभाव में क्षेत्र के दर्जनों ग्रामों और हजारों ग्रामीणों, किसानो व विद्यार्थियों के लिए बहुउपयोगी सड़क जर्जर व खस्ताहाल हो गई। इस बीच क्षेत्रवासियों ने दर्जनो वार शासन-प्रशासन से लेकर क्षेत्रीय औहदेदार जनप्रतिनिधियों से सड़क नवीनीकरण अथवा मरम्मत कराए जाने की अर्जी विनती की गई लेकिन किसी के भी कान में जूं तक नहीं रेंगी। प्रभावित क्षेत्रवासियों ने कई बार अपनी आवागमन की समस्या और पीड़ा अखबारों व सोशल मीडिया के माध्यम से भी सांसद, मंत्री, विधायक, प्रशासनिक अधिकारियों और विभाग तक पहुंचाने का प्रयास किया। लेकिन सभी ने ग्रामीणों की इस समस्या और पीड़ा को अनदेखा तथा अनसुना कर दिया। नतीजतन आज वर्षाकाल प्रारंभ होने के साथ ही पहली बारिश में बड़े-बड़े गड्ढों से पट चुकी यह सड़क ताल में तब्दील हो चुकी है। सड़क में निर्मित इन गड्ढों में बारिश का इतना पानी जमा हो गया है कि, मानो शासन-प्रशासन को जल सरंक्षण अभियान के तहत सोख पिट (सोखता गड्ढा) का निर्माण कराने की जरूरत ही नहीं है। ग्रामीणों ने एक बार फिर शासन-प्रशासन से कोलेगांव-हथमुड़ी सड़क निर्माण की मांग की है।

#### बिलासपुर और कवर्धा जिला मुख्यालय को जोड़ती है सड़क



क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम कोलेगांव से हथमुड़ी तक की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की यह सड़क क्षेत्रवासियों के लिए बेहद उपयोगी है। यह सड़क क्षेत्र को बिलासपुर तथा जिला मुख्यालय कवर्धा से जोड़ती है। प्रतिदिन हजारों ग्रामीण, किसान तथा विद्यार्थी इस सड़क से आना जाना करते हैं। इसी सड़क से जरूरतमंदों के लिए डॉयल 112, 108 एम्बलेंस तथा 102 जजकी के लिए महतारी एक्सप्रेस क्षेत्र में पहुंचती है। लेकिन सड़क की हालत खस्ता और जर्जर होने के कारण जरूरतमंदों तक उनके जीवन से जुड़ी आवश्यक सेवाएं पहुंचना तक मुस्किल हो गया है।

#### सड़क निर्माण के लिए राशि स्वीकृत होने का दिया जा रहा झांसा

क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि कोलेगांव-हंथमुड़ी सड़क नवीनीकरण अथवा मरम्मत के संबंध में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से सवाल जवाब करने पर उनके द्वारा करीब तीन पूर्व से सड़क निर्माण के लिए राशि स्वीकृत होने का झांसा दिया जा रहा है। ऐसे में ग्रामीणों ने सवाल उठाते हुए कहा कि अगर शासन द्वारा सड़क निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की गई है तो अभी तक सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ क्यों नहीं किया गया। अव्यवस्था तथा उपेक्षा से नाराज ग्रामीणों ने यह भी कहा कि कहीं ऐसा तो नहीं कि संबंधित विभाग ने स्वीकृत राशि से सड़क का निर्माण कागजों में कर राशि की बंदरबांट कर ली हो। बहरहाल यह जांच का विषय है कि अगर सड़क निर्माण के लिए राशि स्वीकृत हो चुकी है तो फिर अभी तक निर्माण कार्य क्यों प्रारंभ नहीं किया गया है?

#### जिलेभर में खस्ताहाल सड़कों का रोना

वर्षाकाल में यह स्थिति सिर्फ विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव-हथमुड़ी मार्ग भर की नहीं है बल्कि जिले के विकासखण्ड कवर्धा, स. लोहारा तथा बोड़ला के भी अधिकांश ग्रामों के पहुंच मार्गो की कमोबेश यही स्थिति है। जिनके प्रति शासन-प्रशासन तथा क्षेत्रीय औहदेदार नेता व अधिकारी वर्षो से उपेक्षा पूर्ण नीति अपनाए हुए हैं। जो न सिर्फ सरकार के विकास की बल्कि चुनाव के समय दी गई विकास की गारंटी की भी पोल खोल रही है।

## झिरिया खुर्द के मंदिर में अज्ञात चोर ने किया हाथ साफ, चांदी की प्रतिमाएं व टुल्लू पंप गायब

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पंडरिया

जिले के पंडरिया थाना क्षेत्र की खस्ताहाल और चौपट कानून व्यवस्था के बीच अज्ञात चोरों ने शुक्रवार-शनिवार की दरमियानीरात थाना क्षेत्र के ग्राम झिरिया खुर्द के एक मंदिर में दबिस देकर हांथ साफ कर दिया। बताया जाता है कि अज्ञात चोर मंदिर से चांदी की मूर्ति तथा टुल्लू पंप ले उड़े। घटना की जानकारी होने के बाद मंदिर के पुजारी और ग्रामीणों ने पंडरिया थाना पहुंचकर अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है। वहीं पुलिस ने शिकायत के आधार पर घटना स्थल का मौका मुआयना करने के बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर अपनी विवेचना शुरू कर दी है लेकिन अभी तक अज्ञात चोर का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। प्राप्त



जानकारी के अनुसार ग्राम झिरिया खुर्द में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात अज्ञात चोर ने स्थानीय बम्हनदाई मंदिर के दरवाजे में लगा ताला तोड़कर मंदिर में रखी दो नग चांदी की प्रतिमा और एक टुल्लू पंप पार कर दिया। घटना की जानकारी मंदिर के पुजारी को शनिवार की सुबह उस समय हुई जब वे रोज की तरह मंदिर खोलने पहुंचे। मंदिर के पुजारी के मुताबिक जब वे मंदिर पहुंचे तो मंदिर का ताला पहले से ही खुला पड़ा था। जिसे देखते ही उन्हें चोरी की आशंका हुई और उन्होने जब मंदिर के अंदर जाकर देखा तो चांदी की प्रतिमाएं व टुल्लू पंप गायब था। जिसकी सूचना उन्होने तत्काल ग्रामीणों को दी और बाद में ग्रामीणों के साथ पंडरिया थाना पहुंचकर चोरी की रपट दर्ज कराई। जिस पर पुलिस ने मंदिर का मुआयना करने के बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। हालांकि अभी तक अज्ञात चोर का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। वहीं गांव के मंदिर में हुई इस चोरी की बारदात को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। उन्होने पुलिस प्रशासन की लचर कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं तथा आरोपी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

### पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक शांडिल्य ने सुदूर वनांचल क्षेत्र का किया दौरा



**कवर्धा।** राजनांदगांव रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक शांडिल्य ने गत दिनो कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के साथ जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र का दौरा किया। पुलिस महानिरीक्षक श्री शांडिल्य ने थाना चिल्फी अंतर्गत ग्राम पंचायत बोककरखार के आश्रित ग्राम तेंदुपड़ाव पहुंचकर कबीरधाम पुलिस द्वारा संचालित अस्थायी प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। यह स्कूल विशेष रूप से बैगा जनजाति के बच्चों की शिक्षा के लिए प्रारंभ किया गया है, जहां नियमित रूप से बच्चों को बुनियादी शिक्षा दी जा रही है। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक ने स्कूल के नन्हे विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री कॉपियां, पुस्तकें, पेन-पेंसिल, रंग सामग्री, स्कूल बैग आदि वितरित की। शैक्षणिक सामग्री पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास का भाव साफ दिखाई दिया। ग्राम तेंदुपड़ाव पहुंचने पर ग्रामीणों ने छत्तीसगढ़ी परंपरा अनुसार पुलिस महानिरीक्षक का आत्मीय स्वागत किया। बैगा समाज के वरिष्ठजनों ने उन्हें पारंपरिक पागा पहनाया और बिरन माला भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल, डीएसपी संजय ध्रुव, अखिलेश कौशिक, भूपत सिंह, आशीष शुक्ला, चिल्फी थाना प्रभारी उमाशंकर राठौर, सरपंच मंगतू बैगा सहित अन्य अधिकारी एवं जवान उपस्थित थे।

## भू-माफिया और प्रशासनिक व्यवस्था से त्रस्त किसान ने कलेक्टर से इच्छा मृत्यु की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

कबीरधाम जिले के पंडरिया निवासी एक कृषक ने भू-माफिया तथा शिकायत के बाद भी प्रशासनिक उपेक्षा से त्रस्त होकर अब कलेक्टर को बकायदा एक लिखित आवेदन सौंपकर इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी है। अपनी समस्या व मांग लेकर जिला कार्यालय पहुंचे पीड़ति किसान मनीष पाण्डेय पिता मदनलाल पाण्डेय निवासी पंडरिया ने बताया कि वे बीते कई वर्षों से अपनी कृषि भूमि पर भू-माफिया द्वारा किए गए अवैध कब्जे से मुक्ति पाने के लिए राजस्व विभाग के दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं। उन्होंने कई बार पटवारी, आरआई और राजस्व अधिकारियों को आवेदन देकर सीमांकन की मांग भी की, लेकिन हर बार उन्हें सिर्फ आश्वासन और तारीखें ही मिलीं। उन्होंने बताया कि गत 23 जून 2025 को कलेक्टर कार्यालय से भू-अभिलेख शाखा ने संबंधित पटवारियों तथा आरआई को सीमांकन कर प्रकरण का त्वरित निराकरण करने का आदेश भी जारी किया था। आदेश के बाद दो पटवारी और दो आरआई सीमांकन के लिए मौके पर पहुंचे, लेकिन वे वहां खसरा नंबर में त्रुटि बताकर जांच अधूरी छोड़ वापस लौट गए। विभाग की इस उपेक्षा पूर्ण और टालमटोल कार्यवाही से त्रस्त व निराश होकर किसान मनीष पाण्डेय ने अब सीधे कलेक्टर कवर्धा के समक्ष पेश होकर इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी है। हालांकि, कलेक्टर ने उन्हें समझाइश दी और भू-माफिया के खिलाफ जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। अब देखने वाली बात होगी कि प्रशासन तथा पुलिस इस मामले में कब तक और क्या कार्यवाही करता है।



## लगातार के हादसों के बाद भी नहीं सुधर रही विद्युत व्यवस्था, फिर गई मवेशी की जान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

एक के बाद एक लगातार विद्युत करंट की जीवलेवा दुर्घटनाएं सामने आने के बाद भी छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी जिले में अपनी खस्ताहाल और चरमाराई विद्युत व्यवस्था को दुरूस्थ करने कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि शासन-प्रशासन भी इस गंभीर विषय पर कोई संज्ञान नहीं ले रहा है। ताजा मामला एक बार फिर जिले के ग्राम बिरनपुर से सामने आया है। जहां शनिवार की शाम गांव में लगे एक विद्युत तार में बारिश के बाद फैले करंट की चपेट में आने से एक गाय की करंट से दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय ग्राम दूधेश्वर चन्द्राकर ने बताया कि ट्रांसफार्मर में जर्जर केबल तार खुला जमीन के करीब लटक रहा है जिसकी चपेट में आने से घास चरती गौमाता उसकी चपेट में आ गई और उसकी मौत हो गई। श्री चन्द्राकर ने बताया कि इस अव्यवस्था को लेकर कई बार कनिष्ठ अभियंता इंदौरी, सहायक अभियंता पिपरिया व कार्यपालन अभियंता को लिखित व मौखिक रूप से निवेदन किया जा चुका है लेकिन व्यवस्था में कोई सुधार नहीं किया गया और आज यह हादसा हो गया। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग की इस घोर लापरवाही पर गंहरी नाराजगी जाहिर करते हुए लापरवाह क्षेत्रीय विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्यवाही की मांग की है।



**जरूरतमंद एवं गरीब लोगों की सेवा, सुरक्षा एवं सहायता के लिए हमेशा विधायक हमेशा तत्पर: रविशंकर**

## जंगलपुर पहुंचा हेल्थ लैब, 180 से अधिक लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

विधानसभा पंडरिया सहित जिले के आसपास के क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों तक बेहतर और निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की मंशा से क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा निःशुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब का संचालन लगातार किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र के हजारों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। भाजपा मण्डल पांडातराई मोहगांव के महामंत्री रविशंकर चंद्रवंशी ने बताया कि इसी कड़ी में क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा संचालित निःशुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब का आयोजन विधानसभा पंडरिया के ग्राम जंगलपुर में किया गया। इस निःशुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब के माध्यम से 180 से अधिक ग्रामवासियों ने अपना निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। श्री चन्द्रवंशी ने बताया कि इस निःशुल्क हेल्थ लैब में लोगों को 20 से अधिक प्रकार के गंभीर और सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई गई। जिसमें मुख्य रूप से अलकेलाइन फॉस्फेटस, एसजीओटी (एसएल), एसजीपीटी (एसएल), बिलीरुबिन टोटल और डाईरेक्ट, ग्लुकोज (एसएल), कोलेस्ट्रॉल (एसएल), ट्राइग्लिसराइड्स (एसएल), एचडीएल-सी डाईरेक्ट, कैलिब्रेटर के साथ, क्रिएटिनिन, यूरिया यूवी (एसएल), यूरिक एसिड (एसएल), एल्युमिन, सीवीसी (आरवीसी, डब्ल्यूबीसी, प्लेटलेट और एचवी सहित), मलेरिया, डेंगू जैसे जटिल बीमारियों की जांच सुविधा उपलब्ध कराई गई। श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि जरूरतमंद एवं गरीब लोगों की सेवा, सुरक्षा एवं सहायता के लिए अनवरत कार्य करने वाली पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने क्षेत्रवासियों को हो रही स्वास्थ्य सुविधाएं संबंधी परेशानियों को देखते हुए इस सेवा का संचालन प्रारंभ किया था जिसका लाभ आज क्षेत्रवासियों को निरंतर मिल रहा है। उन्होने कहा कि यह भावना दीदी के ही प्रयासों का नतीजा है कि जो 20 से भी अधिक अलग-अलग, जटिल व सामान्य जांच निजी लेवों में लगभग 200 से 2000 रुपए तक में की जाती है, वह सुविधा अब लोगों को उनके गांव में निःशुल्क मिल रही है। जिससे लोगों में खुशी देखी जा रही है। पांडातराई मोहगांव मंडल अध्यक्ष प्रदीपपुरी गोस्वामी, महामंत्री रविशंकर चंद्रवंशी, श्रीमती अहिल्या चंद्रवंशी मंडल मंत्री, योगेश बंजारे मंडल मंत्री, भरत चंद्रवंशी महामंत्री ओबीसी मोर्चा, झम्मन चंद्रवंशी शक्ति केन्द्र संयोजक, हरीश चंद्रवंशी भाजयुमो उपाध्यक्ष, हरीश चंद्रवंशी सरपंच, विनोद चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी, लक्ष्मीनारायण शर्मा, भीषम चंद्रवंशी, संदीप तिवारी, होरी लाल, कुशाल चंद्रवंशी, गोपी चंद्रवंशी, सुरेश साहू, परमानंद साहू, अमन चंद्रवंशी, प्रहलाद चंद्रवंशी,लक्की चंद्रवंशी, धनेश्वर चन्द्रवंशी सहित सभी उपस्थित लोगों ने ग्राम जंगलपुर में निःशुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब की सुविधा उपलब्ध कराने पर उत्कृष्ट विधायक भावना दीदी के प्रति आभार व्यक्त किया है।




## पेंड्रीकला के ग्रामीणों को नहीं मिल रहा चावल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोलेगांव

एक तरफ प्रदेश सरकार जिले में आयोजित चाऊंर तिहार के तहत राशन कार्डधारियों को मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना के तहत एक मुस्त तीन माह का राशन वितरण कर रही है वहीं दूसरी तरह जिले के कुछ गांव ऐसे भी जहां के उपभोक्ताओं को तीन माह का क्या चावल ही नहीं मिल पा रहा है।

कहीं सर्बर की समस्या खड़ी हो रही है कहीं उचित मूल्य की राशन दुकानों में चावल का भण्डारण ही नहीं किया गया है। जिले के विकासखण्ड पंडरिया का ग्राम पेड्रीकला ऐसे ही मांग में से एक है। जहां संचालित उचित मूल्य की दुकान से उपभोक्ताओं को शासन की योजना के तहत चावल नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों तथा उचित मूल्य की राशन दुकान संचालक की माने तो यहां चावल का भण्डार नहीं किया गया है जिसके कारण उपभोक्ताओं को चावल का वितरण नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों ने अपनी समस्या बताते हुए कहा कि राशन दुकान चावल नहीं मिले के कारण उन्हें बाजार से मंहगा चाल लेकर गुजारा करना पड़ रहा है। जो गरीब ग्रामीणों के लिए काफी तकलीफ दायक है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से तत्काल चावल का भण्डारण कराए जाने की मांग की है।